

Ajay Sharma, David Tollmann & Gaurav Grover



Saurabh Pathak & Nikole Nosreti



Palka Grover& Rina Dhaka

# आर्ट फॉर ए कॉज...

**Hi Life Reporter @ Delhi** न्यू दिल्ली सोशल वर्कर्स एसोसिएशन के प्रेसिडेंट गौरव ग्रोवर ने पलका और फैशन डिजाइनर रीना ढाका के साथ मिलकर एक बैश होस्ट किया। यह बैश अवार्ड विनिंग जापानी रेस्टोरेंट गप्पी में होस्ट किया गया। इस पार्टी को ऑर्गनाइज़ करने का मकसद एनवॉयरमेंट पर बनी जर्मन आर्टिस्ट डेविड टॉलमन की पेंटिंग्स को शोकेस करना और लोगों को इसके लिए जागरुक करना था। इस खास मौके पर आर्टिस्ट डेविड टॉलमन ने लोगों को अपनी पेंटिंग्स के जरिए यह समझाने की कोशिश की कि कैसे पर्यावरण को बचाया जा सकता है। होस्ट गौरव ग्रोवर ने कहा, 'एनवॉयरमेंट डे हम सब के लिए सिर्फ एक वेक अप कॉल है, हम सब को प्लास्टिक के इस्तेमाल पर तुरंत पाबंदी लगा देनी चाहिए, नहीं तो इसका खामियाजा आने वाली जनरेशन को झेलना पड़ेगा।'



Sunayana Chibba with Friend



Akansha Maurya, Naina Khan & Harshita Sinha